प्रेस विज्ञप्ति

जनपद बस्ती

दिनांक-20.03.2025

थाना पुरानी बस्ती पुलिस द्वारा सर्विलांस टीम बस्ती की मदद से गैंगस्टर से संबंधित वांछित 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार-

दिनांक-01.10.2024 को वादी द्वारा थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती को सूचना दी गई कि मेरा ट्रैक्टर स्वराज मय ट्राली गाड़ी संख्या-UP51-BB6440 जो HP पेट्रोल पम्प जिगीना पर खड़ा था जिसको अज्ञात चोरों द्वारा दिनांक 30.09.2024 को चोरी कर लिया गया इस सम्बंध में थाना पुरानी बस्ती पर मु0अ0सं0 193/2024 धारा 303(2) BNS पंजीकृत किया गया विवेचना के क्रम में अभियुक्तगण 1-पंकज चौधरी उर्फ गोलू पुत्र जंगीलाल चौधरी निवासी ककरही थाना महुली जनपद संत कबीर नगर 2-अर्जुन चौधरी पुत्र भागवत चौधरी निवासी ककरही थाना महुली जनपद संत कबीर नगर एवं 3-अमित यादव पुत्र राजाराम यादव निवासी रामपुर हलवारी थाना महाराजगंज जनपद अयोध्या का नाम प्रकाश में आया तीनो अभियुक्तगण द्वार ट्रैक्टर-ट्राली को चुराकर नेपाल बेचने ले जाते समय चैनपुरवा के पास से दिनांक 07.10.2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजे गये थे। बाद विवेचना आरोप पत्र प्रेषित किया था उसके उपरान्त सभी अभियुक्त जमानत पर बाहर थे। उपरोक्त अभियुक्त गण द्वारा यह कार्य आर्थिक दुनियाबी लाभ किये जाने सम्बन्धी अपराध किये जाने के कारण थाना क्षेत्र में भय एवं आतंक का माहौल व्याप्त था जिसके विरुद्ध गैग बनाकर अपराध कारित किये जाने के दृष्टिगत थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती द्वारा गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही किये जाने हेतु प्रतिवेदन उचित माध्यम जिलाधिकारी बस्ती को प्रेषित किया गया था जिलाधिकारी बस्ती महोदय के अनुमोदक के उपरान्त उपरोक्त तीनो अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना पुरानी बस्ती पर मु0अ0सं0-61/2025 धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर अधिनियम पंजीकृत किया गया था तथा वांक्षित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु तीन टीमें रवाना किया गया रवाना किया गया था जिसमें से अभियुक्त अर्जुन चौधरी व अमित यादव की गिरफ्तारी कल दिनांक 19/20.03.2025 को किया गया है जिन्हे बाद विधिक कार्यवाही पूर्ण कर मा0 न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1- अर्जुन चौधरी पुत्र भागवत चौधरी निवासी ककरही थाना महुली जनपद संत कबीर नगर (उ0प्र0) |

2- अमित यादव पुत्र राजाराम यादव निवासी रामपुर हलवारी थाना महाराजगंज जनपद अयोध्या (उ0प्र0)|

गिरफ्तार अभियुक्त 1-अर्जुन चौधरी व 2-अमित यादव का आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 193/2024 धारा 303(2) BNS थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती |

2- मु0अ0सं0 61/2025 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर अधिनियम थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती |

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती महेश सिंह जनपद बस्ती |

2- प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकांत जनपद बस्ती।

3- प्रभारी चौकी दक्षिण दरवाजा उ0नि0 ओम प्रकाश मिश्रा थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती |

4- उ0नि0 शैलेन्द्र शुक्ला थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती |

5- हे0कां0 राकेश यादव, का0 जयराम यादव, का0 अनिल कुमार, का0 बलवन्त थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती |